एक नजर में

जिला जेल में बंदियों को दिलाई नशामुक्ति की शपथ

सीहोर. जिला जेल में नशामुक्ति जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य बंदियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए उन्हें नशा मुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना था. जेल अधीक्षक सुश्री प्रतिभा पटेल ने बताया कि कार्यक्रम में जिला जेल के 303 बंदियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई. उन्होंने कहा कि नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन अपनाना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है. नशे के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए बंदियों को नशे से दूर रहने तथा जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने प्रेरित किया.

नशे के विरुद्ध चलाया जागरुकता अभियान

आष्टा. सोमवार को अनुभाग आष्टा के थाना आष्टा, पार्वती, जावर एवं सिद्दीकगंज द्वारा कस्बा क्षेत्र में पुलिस द्वारा संचालित जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. अभियान अंतर्गत स्कूलों एवं सार्वजनिक स्थानों पर ग्रामीणों, यात्रियों से जन सवांद कर नशे के दुष्प्रभाव, नशा मुक्त जीवन के लाभ एवं नशे को सामाजिक, मानिसक, आर्थिक एवं शारीरिक समस्या के रूप मे प्रदर्शित किया गया. नशे की लत छुड़वाने के लिये पुर्नवास केन्द्र व चिकित्सीय सहायता लेने की समझाईश दी गई. हेल्पलाईन नम्बरों की जानकारी दी गई. कार्यक्रम के समापन पर मानव श्रृंखला बनाकर नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए स्लोगन लगाए एवं शपथ दिलाई गई.

नागरिकों को दिलाई नशामुक्ति की शपथ

सीहोर. नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अंतर्गत सोमवार को थाना कोतवाली द्वारा गीता मानस भवन में उपस्थित नागरिकों, वरिष्ठजनों एवं आमजन को नशे के सामाजिक, मानसिक, आर्थिक एवं शारीरिक दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया. लोगों से संवाद कर उन्हें अपने परिवार, मित्रों एवं समाज को भी नशे से दूर रखने तथा युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने का संदेश दिया गया. नागरिकों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई तथा नशीले पदार्थों के क्रय-विक्रय एवं सेवन की जानकारी पुलिस को देने की अपील की गई.

संयुक्त संचालक ने किया वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण

सीहोर. महिला एवं बाल विकास के संयुक्त संचालक हरिकृष्ण शर्मा ने वन स्टॉप सेंटर और बिलकिसगंज स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया. वन स्टॉप सेंटर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने यहां महिलाओं के लिए उपलब्ध सभी सुविधाओं की जानकारी ली और हिंसा से पीड़ित महिलाओं को कानूनी सहायता, काउंसलिंग सहित समस्त सेवाएं नियमानुसार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए. उन्होंने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए. इसके साथ ही कलेक्ट्रेट में बैठक आयोजित कर पोषण कार्यक्रमों, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मिशन वात्सल्य, आंगनवाड़ी भवन निर्माण, सक्षम आंगनवाड़ी सहित विभागीय कार्यों की समीक्षा की. इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्ञानेश खरे सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे.

इस्कॉन सेवा संस्था ने निकाली जगन्नाथ रथयात्रा

आष्टा. नगर में धार्मिक आस्था और उत्साह का अनूठा माहौल उस समय देखने को मिला जब इस्कॉन सेवा संस्था की आष्टा इकाई द्वारा महाप्रभु श्री जगन्नाथ जी की भव्य एवं विशाल रथयात्रा का आयोजन अत्यंत श्रद्धा और धूमधाम के साथ किया गया. इस दौरान मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा एवं नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने रथ में जगन्नाथ, भगवान बलभद्र एवं महारानी सुभद्रा के श्रीविग्रहों का पूजन कर आरती उतारी. तत्पश्चात अतिथियों ने महाप्रभु के रथ को खींचकर यात्रा का शुभारंभ किया. समिति द्वारा नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, नगर महामंत्री तारा कटारिया, रूपेश राठौर, रवि शर्मा, हिउस अध्यक्ष नारायण भूरू मुकातीसहित समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश पाटीदार, हरिओम कटारिया, नवीन पंचांग, सुरेन्द्र सोनी, उपाध्यक्ष चंद्रेश माथुर, अनिल भाटी, संदीप सोनी का सम्मान किया गया.

करणी सेना ने किया टोल प्लाजा का घेराव

ट्रैक्टर लेकर कूच करने निकले करणी सेना परिवार को देवास जिले में रोके जाने पर जताई नाराजगी

- फंदा एवं अमलाहा टोल प्लाजा पर किया प्रदर्शन
- टोलकर्मियों पर अभद्रता करने का भी लगाया आरोप

सीहोर. देवास जिले में करणी सैनिकों पर आंसूगैस व वाटर कैनन के उपयोग के विरोध में टोल प्लाजा पर प्रदर्शन करते करणी सैनिक.

नवभारत न्यूज

सीहोर 20 जुलाई. इंदौर से भोपाल तक निकाली जा रही करणी सेना परिवार की ट्रैक्टर यात्रा को देवास जिले के क्षिप्रा में पुलिस-प्रशासन द्वारा रोकने, मूंग उपार्जन पर तय की गई खरीदी सीमा तथा वर्ष 2024-25 की फसल बीमा राशि का भुगतान नहीं होने के विरोध में सोमवार को करणी सेना परिवार का आक्रोश फूट पड़ा. संगठन के कार्यकर्ताओं ने फंदा और अमलाहा टोल प्लाजा पर करीब दो घंटे तक प्रदर्शन कर हाईवे पर आवागमन बाधित कर दिया. प्रदर्शन के कारण टोल के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा.

करणी सेना परिवार के नेता जीवनसिंह शेरपुर के नेतृत्व में इंदौर से भोपाल तक निकाली जा रही ट्रैक्टर यात्रा को देवास जिले के क्षिप्रा में पुलिस एवं प्रशासन द्वारा रोकने की कार्रवाई के विरोध में सोमवार दोपहर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी भोपाल-इंदौर हाईवे स्थित फंदा टोल प्लाजा पहुंच गए. दोपहर करीब तीन बजे शुरू हुए प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और विभिन्न किसान हितों से जुड़े मुद्दों पर नाराजगी जताई. हालांकि करणी सेना के प्रदर्शन की भनक प्रशासन को लग गई थी. यही कारण रहा कि भारी संख्या में पुलिस बल टोल प्लॉजा पर तैनात किया गया था.

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि इंदौर में निर्माणाधीन रिंग रोड परियोजना के लिए जिन किसानों की भूमि अधिग्रहित की गई है, उन्हें अब तक उचित मुआवजा नहीं मिला है.ऐसे किसानों की आवाज उठाने के लिए निकाली जा रही ट्रैक्टर यात्रा को बीच रास्ते में रोकना लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है. उन्होंने करणी सेना परिवार पर वाटर कैनन और आंसूगैस के गोले दागे जाने की कार्रवाई पर भी आक्रोश जताया.

प्रदर्शन के दौरान किसानों ने मूंग उपार्जन में तय सीमा पर भी सवाल उठाए. उनका कहना था कि शासन द्वारा प्रति एकड़ केवल एक क्विंटल 20 किलो तथा प्रति हेक्टेयर तीन क्विंटल तक ही मूंग खरीदी जा रही है, जबकि इस वर्ष उत्पादन इससे कहीं अधिक हुआ है. ऐसे में शेष उपज किसानों को खुले बाजार में कम कीमत पर बेचनी पड़ेगी, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा. किसानों ने खरीदी की सीमा समाप्त कर पूरी उपज समर्थन मूल्य पर खरीदने की मांग की.

बीमा राशि नहीं मिलने से भी नाराज करणी सैनिक

टोल प्लाजा के समक्ष प्रदर्शन कर रहे करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने वर्ष 2024-25 में सोयाबीन फसल खराब होने के बावजूद बीमा राशि का भुगतान नहीं होने का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया. उनका कहना था कि लंबे समय से किसान बीमा क्लेम का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग की ओर से कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया जा रहा है.

समझाइश के बाद समाप्त हुआ प्रदर्शन

करणी सैनिकों द्वारा टोल प्लॉजा पर किए जा रहे प्रदर्शन की सूचना मिलते ही भोपाल जिले के एडिशनल एसपी संजीत कुमार और एसीपी आदित्यराज ठाकुर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. अधिकारियों ने करीब दो घंटे तक प्रदर्शनकारियों से चर्चा कर उन्हें समझाने का प्रयास किया. शाम पांच बजे अधिकारियों के आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ और इसके बाद टोल प्लाजा पर यातायात सामान्य हो सका.

लेपटॉप बैग यात्री को सुरक्षित लौटाया

बुधनी. पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल की आरपीएफ नर्मदापुरम आउटपोस्ट ने ऑपरेशन अमानत के तहत सराहनीय कार्य करते हुए एक यात्री का करीब 2 लाख 21 हजार 500 रुपए मूल्य का छूटा हुआ बैग सुरक्षित बरामद कर उसे उनके सुपुर्द किया. जानकारी के अनुसार सोमवार को रेलवे हेल्पलाइन पर सूचना मिली कि ट्रेन क्रमांक 11463 के कोच में एक यात्री का लैपटॉप बैग छूट गया है. सूचना मिलते ही एएसआई एमएस चौधरी एवं आरक्षक हर प्रताप सिंह परमार ने नर्मदापुरम स्टेशन पर ट्रेन के पहुंचते ही कोच की तलाशी ली. इस दौरान बर्थ नंबर 13 पर बैग मिला. इसके बाद शिकायत में दर्ज मोबाईल नंबर पर संपर्क कर यात्री ध्यान दलवाड़ी निवासी नड़ियाद जिला खेड़ा गुजरात को सूचना दी गई. आवश्यक पहचान एवं दस्तावेजों का सत्यापन करने के बाद बैग उन्हें सुपुर्द कर दिया गया. यात्री ने अपना कीमती सामान सुरक्षित वापस मिलने पर आरपीएफ का आभार व्यक्त किया. आरपीएफ की इस त्वरित कार्रवाई की यात्रियों ने भी सराहना की.

जंगल में संचालित हो रही थी जुए की फड़

नवभारत न्यूज

आष्टा 20 जुलाई. जिले के थाना सिद्दीकगंज पुलिस ने रामपुरा जंगल में जुआ फड़ पर दबिश देकर चार जुआरियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपियों से 51 हजार रुपए व ताश के पत्ते, चार मोबाईल फोन, तीन बाइक जब्त की हैं. इस दौरान चार अन्य आरोपी फरार हो गए, जिनकी तलाश जारी है.

जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर की से सूचना मिली थी कि रामपुरा जंगल में कुछ लोग संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त हैं. थाना प्रभारी राजू सिंह बघेल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर कार्रवाई की. छापेमारी के दौरान पुलिस ने जितेन्द्र राठौर निवासी अटल कॉलोनी आष्टा, जाहिद खां निवासी गंजपुरा जावर, असलम खां निवासी पुलिस कॉलोनी के सामने कन्नौद तथा अकरम अली निवासी छात्रावास कॉलोनी को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया. सभी आरोपियों के विरुद्ध जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है. चार आरोपी मौके से फरार हो गए. उनकी तलाश जारी है.

अधिकारी कर रहे पानी के प्लांटों का निरीक्षण

सीहोर. नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर पालिका के अधिकारियों द्वारा पानी के प्लांटों का निरीक्षण किया जा रहा है. इसी क्रम में नपा के कार्यपालन यंत्री विजय कोली एवं उपयंत्री वैभव लोवानिया द्वारा पार्वती नदी के काहिरी प्लांट का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने जल की गुणवत्ता जांचने के लिए आवश्यक ऑनसाइट टेस्ट किए गए और नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए.

तेज रफ्तार बाइक भिड़ीं, दो की मौत

- जमोनिया रोड पर बीती रात हुआ दर्दनाक हादसा
- मृतकों में एक जमोनिया व दूसरा शेरपुर निवासी युवक

नवभारत न्यूज

सीहोर 20 जुलाई. बीती रात मंडी थाना क्षेत्र के जमोनिया रोड स्थित ऋषभ वाटिका के समीप आमने- सामने से दो बाइक के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई. इस हादसे में दोनों बाइक चालकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है.

जानकारी के अनुसार जमोनिया रोड पर स्थित ऋषभ वाटिका के सामने दो तेज रफ्तार मोटरसाइकिलों की जोरदार भिड़ंत हो गई. टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए. इस हादसे में अकबर खान पिता बसारत खां निवासी शेरपुर 30 साल और रितेश आत्मज लक्ष्मीनारायण भिलाला उम्र 20 साल निवासी जमोनिया तालाब की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. बताया जा रहा है कि दुर्घटना के वक्त वाहनों की गति काफी तेज थी, जिससे दोनों चालकों को संभलने का मौका तक नहीं मिला और उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया. सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया. मंडी थाना प्रभारी सुनील मेहर ने बताया कि इस सड़क हादसे में दो लोगों की मृत्यु हुई है, मर्ग कायम कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है.

गणेश मंदिर तक करेंगे दंडवत यात्रा

नवभारत न्यूज

सीहोर 20 जुलाई. अच्छी वर्षा, क्षेत्र की खुशहाली एवं जनकल्याण की कामना को लेकर शहर में बुधवार को भव्य दंडवत यात्रा निकाली जाएगी.

यह यात्रा दोपहर 3 बजे शहर के सीवन नदी तट स्थित प्राचीन गंगेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर प्राचीन गणेश मंदिर तक पहुंचेगी. लगभग तीन किमी की इस दंडवत यात्रा में शहर एवं

आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है. समाजसेवी आशीष गहलोत ने बताया कि बारिश नहीं होने के कारण खरीफ की फसल सूखने की कागर पर है और किसानों के चेहरे पर मायूसी छाई हुई है. बारिश की कामना को लेकर दंडवत यात्रा में करणी सेना परिवार के ईश्वर सिंह चौहान, विनित गोयल, अजय रेकवार, संतोष योगी, पवन केवट, पंडित कुणाल व्यास, अंकित परमार, राहुल सिंह, पप्पू सेन, इमरत मेवाड़ा, प्रकाश नागर आदि रहेंगे.

अवैध गांजा बेचते एक आरोपी गिरफ्तार

रेहटी. पुलिस द्वारा मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरूरी अभियान के दौरान थाना रेहटी पुलिस द्वारा अवैध रूप से गांजा बेचने वाले आरोपी जगदीश मालवीय पिता लालजी मालवीय से 800 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया. जिसकी कीमत 10 हजार रुपए बताई जाती है. आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की गई.

ट्राइसाइकिल मिलने से दिव्यांग को राहत

नवभारत न्यूज

बुधनी 20 जुलाई. शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पहल करते हुए वार्ड 14 निवासी दिव्यांग हितग्राही अरविंद धुर्वे को ट्राइसाइकिल प्रदान की गई. यह सुविधा केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा विधायक रमाकांत भार्गव के प्रयासों से उपलब्ध कराई गई.

ट्राइसाइकिल का वितरण नप अध्यक्ष प्रतिनिधि अर्जुन मालवीय, पार्षद प्रभात भदौरिया, श्रीकांत शर्मा, जितेश चौहान तथा सीएमओ डॉ. प्रशांत जैन ने संयुक्त रूप से किया. इस अवसर पर नप अध्यक्ष प्रतिनिधि अर्जुन मालवीय ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार का लक्ष्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है. दिव्यांगजनों को सम्मानपूर्वक जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है. उन्होंने कहा सरकार संवेदनशीलता के साथ प्रत्येक जरूरतमंद तक सहायता पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है. ट्राइसाइकिल प्राप्त करने पर हितग्राही अरविंद धुर्वे ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधायक रमाकांत भार्गव तथा नप के जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया है.

मेधावी विद्यार्थियों को लेपटॉप मिलने का इंतजार

नवभारत न्यूज

सीहोर 20 जुलाई. कक्षा 12 वीं में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक हासिल करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने सरकार लैपटॉप योजना के तहत 25-25 हजार रुपए देने की तैयारी में है.जिले के 3759 विद्यार्थियों की सूची तैयार हो चुकी है, लेकिन परीक्षा परिणाम घोषित हुए तीन महीने बीत जाने के बाद भी राशि जारी नहीं हो सकी है. वहीं स्कूटी योजना के नियमों को लेकर सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि इसमें अंक प्रतिशत नहीं, बल्कि सरकारी स्कूल का टॉपर होना ही पात्रता का आधार है.

मेधावी विद्यार्थी प्रोत्साहन योजनाओं के तहत इस वर्ष भी लैपटॉप और स्कूटी योजना का लाभ दिया जाएगा. जिला शिक्षा विभाग ने लैपटॉप योजना के लिए पात्र विद्यार्थियों की सूची तैयार कर ली है. जिले में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले 3759 विद्यार्थियों को 25-25 हजार रुपए दिए जाएंगे. विभाग ने विद्यार्थियों के बैंक खातों सहित औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं. जैसे ही स्कूल शिक्षा विभाग से राशि जारी होगी, विद्यार्थियों के खातों में भेज दी जाएगी. दूसरी ओर स्कूटी योजना को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है. इस योजना का लाभ केवल सरकारी हायर सेकेंडरी स्कूलों के कक्षा 12वीं के टॉपर एक छात्र और एक छात्रा को ही मिलेगा। ऐसे में यदि किसी स्कूल का टॉपर 60 या 65 प्रतिशत अंक ही प्राप्त करता है, तब भी वह स्कूटी योजना का पात्र होगा, जबकि किसी अन्य विद्यार्थी ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों, लेकिन वह निजी स्कूल का छात्र हो या अपने सरकारी स्कूल में टॉपर न हो, तो उसे इस योजना का

निरीक्षण | कलेक्टर बालागुरू के ने किया जिला परिवहन कार्यालय का औचक निरीक्षण

जनहितैषी कार्यप्रणाली अपनाकर नागरिकों को दें त्वरित सेवा

नवभारत न्यूज

सीहोर 20 जुलाई. कलेक्टर बालागुरू के ने जिला परिवहन कार्यालय का औचक निरीक्षण कर कार्यालय की व्यवस्थाओं, ऑनलाइन सेवाओं एवं नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया.

उन्होंने कार्यालय परिसर, विभिन्न शाखाओं तथा अभिलेखों का अवलोकन किया और अधिकारियों को कार्यालय में स्वच्छ, व्यवस्थित एवं नागरिक हितैषी वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए. उन्होंने शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी, जवाबदेह एवं जनहितैषी कार्यप्रणाली अपनाते हुए नागरिकों को त्वरित, सरल एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए. सारथी पोर्टल एवं वाहन पोर्टल पर संचालित ऑनलाइन प्रक्रियाओं का अवलोकन किया. उन्होंने ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीयन, परमिट, फिटनेस, कर भुगतान व ऑनलाइन सेवाओं के निष्पादन प्रक्रिया की जानकारी ली और निर्देश दिए कि सभी ऑनलाइन आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण किया जाए.

उन्होंने कार्यालय भवन के बेहतर संधारण, साफ-सफाई, अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव तथा आवश्यक मरम्मत कार्य समय पर कराने के निर्देश दिए. नागरिकों के लिये पेयजल, बैठने की व्यवस्था, सूचना बोर्ड एवं हेल्प डेस्क जैसी नागरिक सुविधाओं को और बेहतर बनाने पर जोर दिया. उन्होंने अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि परिवहन विभाग की सभी सेवाओं में पारदर्शिता बनाए रखें तथा शासन द्वारा निर्धारित समय-सीमा का कड़ाई से पालन करें. लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर शीघ्र निराकरण किया जाए.

कलेक्टर ने जिले में नियमित रूप से सघन वाहन जांच अभियान संचालित करने के निर्देश दिए. बिना वैध दस्तावेजों के संचालित वाहनों, ओवरलोडिंग, बिना हेलमेट एवं

बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने, नाबालिगों द्वारा वाहन संचालन तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध पुलिस के साथ संयुक्त रूप से प्रभावी कार्रवाई करने को कहा. साथ ही स्कूल वाहनों, यात्री वाहनों एवं व्यावसायिक वाहनों की नियमित फिटनेस जांच सुनिश्चित करने तथा सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन में जन जागरूकता बढ़ाने के निर्देश भी दिए.

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार महेन्द्र प्रसाद आ.श्री बद्रीप्रसाद वर्मा निवासी मोहम्मदपुर मछनाई तहसील कालापीपल जिला शाजापुर हाल निवासी भानपुर भोपाल जिला भोपाल का निवासी है। मेरे पक्षकार एक सामाजिक प्रतिष्ठा वाला व्यक्ति है। मेरे पक्षकार की पुत्री जागृति वर्मा के द्वारा मेरे पक्षकार की मर्जी के विरुद्ध किसी अन्य समाज में विवाह कर लिया है एवं मेरे पक्षकार का घर भी त्याग कर दिया है। अब मेरा पक्षकार व उसका परिवार पुत्री जागृति वर्मा से सारे संबंध समाप्त करता है एवं मेरा पक्षकार अपनी चल-अचल संपत्ति से भी पुत्री जागृति वर्मा को बेदखल करता है। भविष्य में मेरे पक्षकार की पुत्री जागृति वर्मा का मेरे पक्षकार व उसके परिवार का कोई संबंध सरोकार नहीं रहेगा। आज से मेरे पक्षकार की पुत्री के साथ कोई भी कुछ होता है तो उसकी जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी। मेरे पक्षकार के द्वारा अपनी पुत्री जागृति वर्मा से संबंध समाप्त करने व संपत्ति से बेदखल करने की आम सूचना प्रकाशित करता है। कृपया सूचित हो।

अधिवक्ता
अनिल पारे
कार्यालय एवं निवास मुकेरी लाईन
(महावीर मार्ग) छावनी सीहोर
मो. 9893506517